# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

मुख्य भवन ब्लॉक–5 एवं एकलव्य भवन

उपायुक्त (प्रशिक्षण एवं क्वालिटी) कार्यालय–मुख्य भवन ब्लॉक–6, प्रथम तल,

डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर

फोन –0141–2706069 rajssaquality@gmail.com


क्रमांकः–रा.स्कू.शि.प./जय/गुणवत्ता/निपुण मेला /00608/2026–27/ दिनांक : यथाहस्ताक्षर

# निपुण मेला दिशा-निर्देश

## सत्र 2026-27

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के अनुसार प्रारम्भिक कक्षाओं में वर्ष 2026-27 तक बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (FLN) को प्राप्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निपुण भारत मिशन की शुरूआत की गई है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से विद्यार्थियों में सीखने की दक्षताओं विकास किया जाना है, जिससे 2026-27 एक प्रत्येक विद्यार्थी वांछित दक्षताओं को प्राप्त कर सकें। इस हेतु विद्यार्थियों को गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से कक्षा कक्षीय गतिविधियां कराई जानी है, साथ ही विद्यार्थियों की रूचि और संलग्नता की वृद्धि हेतु प्रोजेक्ट कार्यों को सम्मिलित किया जाए। वार्षिक कार्ययोजना सत्र 2026-27 में नवाचारी गतिविधि के रूप में प्रत्येक PEEO / UCEEO के विद्यालय में निपुण मेले का आयोजन किया जाना है।

निपुण मेला बच्चों को सम्पूर्ण विकास (शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भाषायी एवं सामाजिक विकास) में एक महत्वपूर्ण पहल होगा। निपुण मेले में आर्ट, खिलौने बनाना, मॉडल बनाना, स्टोरी मेकिंग, स्टोरी टेलिंग, पठन गतिविधियाँ, ग्रुप वर्क एवं रोल प्ले आदि विभिन्न प्रकार की खेल और कौशल विकास की गतिविधियां सम्मिलित की जाती है। उक्त गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को बहुमुखी विकास के अवसर प्राप्त होंगे। निपुण मेले के माध्यम से विद्यालय समुदाय, शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थियों को एक साथ जोड़ने, एक दूसरे को समझने एवं आपसी सहयोग के अवसर प्राप्त हो सकेंगे जो निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहयोगी होंगे। साथ ही डिजिटल सामग्री से निपुण भारत मिशन का प्रचार प्रसार भी किया जाएगा।

### निपुण मेला के उद्देश्य-

- विद्यार्थियों में भय मुक्त वातवरण निर्माण करना एवं सीखने को प्रोत्साहित करना।
- विद्यार्थी एवं शिक्षकों के मध्य गतिविधियों के माध्यम से समन्वय को बढ़ाना।
- विद्यार्थियों को अपने आप को प्रस्तुत करने व करके सीखने जैसे गुणों का विकास करना।
- विद्यार्थियों को पठन प्रदर्शन करने के अवसर उपलब्ध करवाना।

WhatsApp channel




RajKaj Ref No.: 23778953

M e-Sign

Signature valid

Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation : State Project Director
Date: 2026.08.10 1?:59:50 IST
Reason: Approved

- विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सृजनशीलता, कल्पनाशीलता, चिंतन, विश्लेषण, तुलना, अनुमान जैसे कौशलों के विकास हेतु गतिविधियों का आयोजन करना।
- निपुण भारत मिशन को प्रति समुदाय की समझ विकसित करना।
- निपुण भारत मिशन के प्रचार-प्रसार हेतु गतिविधियों का आयोजन करना।
- समुदाय में जागरूकता एवं सकारात्मक सोच के विकास हेतु साझा पहल करना।
- समुदाय की भागीदारी के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराना।
- मेले के रूप में विद्यार्थियों को सीखने के प्रतिफल आधारित आनंददायी वातावरण प्रदान करना।
- विद्यार्थियों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना।
- अभिभावकों को ऐसे कार्यों एवं गतिविधियों से अवगत कराना जिन्हें विद्यार्थियों को दैनिक दिनचर्या के दौरान प्रेरित कर सकते हैं।
- विद्यार्थियों व अभिभावकों की सहभागिता से आयोजित होने वाली गतिविधियों की समझ विकसित करना।
- ABL किट / TLM और पुस्तकालय की मुख्य गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण करना।
- रीडिंग कैम्पेन (प्रखर 3.0) में किये गए कार्यों का प्रदर्शन करना।

**आयोजन की संभावित दिनांक:** निपुण मेला एक नवाचारी गतिविधि के रूप में आयोजित किया जाना है। निपुण मेले का आयोजन प्रत्येक पीईईओ / यूसीईईओ विद्यालय स्तर पर **16 जनवरी 2027 (मेगा PTM के साथ)** आयोजित किया जाना है।

## प्रस्तावित गतिविधियां:

निपुण मेला FLN आधारित थीम के अनुसार आयोजित किया जाना है। निपुण मेले में विद्यार्थियों, मेंटर शिक्षकों के समन्वय से न्यूनतम पांच प्रकार की गतिविधियों की स्टाल लगाई जाएगी, जहां बच्चों के स्तर अनुसार खेल गतिविधियां आयोजित की जानी है। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। मेले में विद्यार्थियों के विकास के आयाम पर आधारित गतिविधियों की स्टाल लगानी जानी है। जिनमें ऐसी शिक्षण सामग्री TLM से गतिविधियां आयोजित की जाएगी, जो कम लागत से बनी हो और विद्यालय में शिक्षक आसानी से करवा सकें। आयोजित गतिविधियों के साथ क्षेत्रीय परिवेश में लोकप्रिय खेलों को भी शामिल किया जाए।

## प्रस्तावित गतिविधियां निम्न अनुसार हैं-

- शारीरिक विकास आधारित गतिविधियां- जैसे निशान लगाना, ब्लाइंड फोल्ड, कुर्सी दौड़, नींबू दौड़, जलेबी तोड़, गेंद पकड़ो-गेंद फेंको, रस्सी के अंदर-बाहर कूदना, गुब्बारा हवा में रखना आदि।


RajKaj Ref No.: 23778953
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation : State Project Director
Date: 2026.08.10 1?:59:50 IST
Reason: Approved

- मानसिक/ बौद्धिक विकास आधारित गतिविधियां - देखो और बताओ, एबीएल किट आधारित पहेली खेल, हल करो और आगे बढ़ो, वर्ग पहेली, सुनकर जानो, डिजिटल गेम आदि।
- गणितीय गतिविधियाँ – पहाड़े सुनाना, पाठ आधारित प्रश्नों को मौखिक रूप से हल करना, गणित की पहेली सुलझाना, आकृतियों के नाम बताना आदि गतिविधियों की जा सकती है।
- सृजनात्मक विकास आधारित गतिविधियां - मिट्टी या क्ले से खिलौने बनाना, पेंटिंग करवाना, कोलाज बनाना, थंब एंड थ्रेड पेंटिंग, स्वतंत्र पेंटिंग आदि।
- भाषाई विकास आधारित गतिविधियां- कहानी सुनना व सुनाना, कहानियों की पुस्तक पढ़ना, कविता सुनाना, नई कहानी लिखना, कहानियों को आगे बढ़ना, कहानी पर आधारित नाटक मंचन करना, परिचर्चा करना, वाद विवाद प्रतियोगिताएं करना, कहानी से जुड़े पात्रों से नई कहानी बनाना, कहानी के पात्रों की नजर से कहानी सुनाना आदि।
- पठन कौशल हेतु गतिविधियाँ – ध्वनि पहचान/ डिकोडिंग के खेल, साझा पठन, स्वतंत्र पठन, धाराप्रवाह पठन, समझ आधरित पाठ पर तथ्यात्मक और खुले छोर वाले प्रश्न पूछना, विस्तारित गतिविधियाँ करना, स्वतंत्र लेखन कार्य करना आदि।
- सामाजिक विकास आधारित गतिविधियां- फैमिली ट्री, रिश्ते -नाते पट्टी का मिलान करना, अपने अभिभावक व भाई -बहन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेना, जैसे साझा चित्रकारी, कहानी लेखन, स्वरचित कविता पाठ आदि।

नोट- निपुण मेले में पूर्व प्राथमिक से कक्षा 5 तक के अधिक से अधिक विद्यार्थियों भाग लेने हेतु प्रेरित किया जाए

## निपुण मेला 2026-27 हेतु पूर्व तैयारी-

निपुण मेला अकादमी मेला है, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर आयोजित किया जाना है। इस हेतु प्रत्येक पीईईओ / यूसीईईओ विद्यालय को जिला एवं ब्लॉक स्तर से आवश्यक तैयारी हेतु निर्देशित किया जाए।

- निपुण मेले का आयोजन FLN की गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु प्रत्येक पीईईओ / यूसीईईओ के स्तर पर किया जाना है।
- निपुण मेले में उपयोग की जाने वाली सामग्री बजट प्रावधान में दिए गए विवरण अनुसार क्रय की जाए। अतिरिक्त राशि / सामग्री की आवश्यकता होने पर भामाशाहों का सहयोग लिया जा सकता है।
- मेले में स्टॉल पर गतिविधि एवं खेल कराने हेतु आवश्यक टीएलएम चार्ट, पोस्टर, कोलाज आदि का निर्माण पूर्व में ही पूर्ण कर लिया जाए।
- आवश्यकता अनुसार पीईईओ/यूसीईईओ द्वारा अपने परिषद् के विद्यालयों से FLN मेंटोर को मेले में लगाई जाने वाली स्टॉल के लिए विद्यार्थियों के सहयोग हेतु नामित किया जाए।

WhatsApp channel

Signature valid
Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation: State Project Director
Date: 2026.08.10 1[illegible]:59:50 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23778953
M e-Sign

- मेले में पीईईओ/यूसीईईओ परिक्षेत्र के कक्षा 1 से 5 तक के समस्त विद्यार्थियों तथा समन्वित आंगनवाड़ी के बालक, बालिका भी भाग लेंगे।
- गतिविधियों से सभी विद्यार्थियों को भाग लेने का अवसर दिया जाए।
- स्टॉल की थीम के आधार पर प्रत्येक स्टॉल से विजेताओं को पुरस्कार दिया जाए।
- पीईईओ/यूसीईईओ पूरी प्रक्रिया का प्रतिवेदन मय फोटो व उपयोगिता प्रमाण- पत्र के साथ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, कार्यालय को प्रेषित करें। **(परिशिष्ट 1)**
- ब्लॉक स्तर से समेकित प्रतिवेदन एवं रिपोर्ट मय फोटोग्राफ मेला आयोजन के 10 दिवस में जिला कार्यालय को प्रेषित किया जाए।
- प्रत्येक स्तर पर आयोजित निपुण मेले के कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर को कार्य समाप्ति की 10 दिवस के अंदर प्रेषित की जानी है।

## वित्तीय प्रावधान:

| क्र. स. | विवरण | राशि |
|---|---|---|
| 1 | शिक्षण अधिगन सामग्री निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री क्रय करना।जैसे रंगीन कागज, चार्ट, कलर, क्ले, पिक्चर चार्ट इत्यादि | 3000 |
| 2 | थीम आधारित स्टॉल निर्माण में सहयोगी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन सामग्री जैसे पानी की बोतल, पेन/पेन्सिल, लंच बॉक्स , मोमेंटो शील्ड इत्यादि<br>(पुरस्कार की संख्या अधिक होने पर भामाशाहों का सहयोग लिया जाए) | 3000 |
| 3 | अल्पाहार मेले में भाग लेने वाले विद्यार्थियों अध्यापक व अभिभावक | 2000 |
| 4 | स्टॉल हेतु आवश्यकतानुसार टेंट सामग्री | 2000 |
| | **कुल राशी** | **10000** |

## निपुण मेले हेतु जिला स्तर के दायित्व-

- राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् से गतिविधि आयोजन हेतु स्वीकृति प्राप्त होने पर 3 दिवस में ब्लॉक, पीईईओ / यूसीईईओ हेतु स्वीकृति जारी करना।
- ब्लॉक एवं विद्यालय तक दिशा-निर्देशों की पहुँच सुनिश्चित करना।
- मॉनिटरिंग हेतु जिला एवं समस्त ब्लॉक कार्यालयों पर प्रभारी नियुक्त करना।
- निपुण मेले के प्रभावी आयोजन हेतु समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी गुणवत्ता के साथ मिलकर कार्ययोजना निर्माण करना।
- निपुण मेले के आयोजन दिवस को प्रभावी मॉनिटरिंग कराना।

Signature valid
Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation : State Project Director
Date: 2026.08.10 14:59:50 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 23778953
M e-Sign

- प्रत्येक ब्लॉक से प्राप्त रिपोर्ट व उपयोगिता प्रमाण पत्र को समेकित कर परिषद को प्रेषित करना।
- प्रत्येक स्तर पर किए गए कार्य की रिपोर्ट परिषद को कार्य समाप्ति के 10 दिवस में प्रेषित करना।
- व्यय की प्रबंध पोर्टल पर प्रविष्टियाँ करवाना सुनिश्चित करें।

**ब्लॉक स्तर के दायित्व-**

- गतिविधि आयोजन हेतु स्वीकृति प्राप्त होने पर 03 दिवस में पीईईओ / यूसीईईओ हेतु स्वीकृति जारी करना।
- पीईईओ / यूसीईईओ विद्यालय तक दिशा-निर्देशों की पहुँच सुनिश्चित करना।
- प्रत्येक विद्यालय से प्राप्त रिपोर्ट व उपयोगिता प्रमाण पत्र को समेकित कर जिला स्तर को प्रेषित करना।
- निपुण मेले के आयोजन दिवस को प्रभावी मॉनिटरिंग कराना।
- प्रत्येक पीईईओ / यूसीईईओ से प्राप्त रिपोर्ट व उपयोगिता प्रमाण पत्र को समेकित कर जिला कार्यालय को प्रेषित करना।
- प्रत्येक स्तर पर किए गए कार्य की रिपोर्ट जिला कार्यालय को कार्य समाप्ति के 10 दिवस में प्रेषित करना।

**पीईईओ स्तर के दायित्व-**

- परिक्षेत्र के विद्यालयों के साथ समन्वय कर प्रभावी निपुण मेले का आयोजन कराना।
- परिक्षेत्र के समस्त विद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित करना।
- निपुण मेले के आयोजन हेतु आवश्यक सामग्री, पुरस्कार, अल्पाहार की व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- पीईईओ/ यूसीईईओ निपुण मेला गतिविधि का प्रतिवेदन मय फोटो व उपयोगिता प्रमाण-पत्र के साथ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करना। **(परिशिष्ट-1)**
- प्रत्येक स्तर पर किए गए कार्य की रिपोर्ट ब्लॉक कार्यालय को कार्य समाप्ति के 3 दिवस के अन्दर प्रेषित की जानी है।

**विशेष-**

- मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा ब्लॉक में निपुण मेला अन्तर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों में से श्रेष्ठ गतिविधियों का 5 से 10 मिनट का वीडियों बनाये जिसे भविष्य में आयोजित होने वाली गतिविधियों में संदर्भ के रूप में उपयोग किया जा सकें। साथ ही उक्त वीडियों की सॉफ्ट कॉपी अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा सम्बन्धित जिले को प्रेषित करें।
- जिस मद के लिए राशि उपलब्ध कराई जाये, व्यय उसी मद में ही किया जावे।
- व्यय राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।



RajKaj Ref No.:
23778953
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation : State Project Director
Date: 2026.08.10 1?:59:50 IST
Reason: Approved

- कार्यक्रम अन्तर्गत व्यय राशि को PRABANDH PORTAL (https://samagrashiksha.in) पर शीघ्र बुक कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- राशि का उपयोग योजना के दिशानिर्देश, शिक्षा मंत्रालय की गाईड लाईन एवं लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 एवं वित्तीय नियमों की पूर्ण पालना करते हुये विहित प्रक्रियानुसार किया जाना सुनिश्चित किया जावे।
- उक्त गतिविधि वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट सत्र 2026-27 में निम्न मद में अनुमोदित की गई है-

Major Component: Quality Interventions

Sub Component:– Foundational Literacy and Numeracy –FS

Activity:– Foundational Literacy and Numeracy

Sub Activity: 3- Teaching Learning Material (TLM) for Innovative pedagogies for PrePrimary/Balvatika , Class I to V (C6800)

**(डॉ. रश्मि शर्मा)**
**राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त**

क्रमांकः–रा.स्कू.शि.प./जय/गुणवत्ता/निपुण मेला /00608/2026–27/ दिनांक : यथाहस्ताक्षर

**प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
3. अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम एवं द्वितीय राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
6. उपायुक्त–पीएमश्री प्रकोष्ठ, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. सहायक लेखा अधिकारी (भुगतान), राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
8. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
9. अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
10. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
11. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
12. प्रधानाचार्य, समस्त पीएमश्री विद्यालय।
13. कार्यालय प्रति

Signature valid

Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation: State Project Director
Date: 2026.08.10 1?:59:50 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 23778953

M e-Sign

गतिविधि प्रतिवेदन प्रपत्र

कार्यक्रम का नाम: निपुण मेला

आयोजन स्थल:

पीईईओ/ यूसीईईओ का नाम:

ब्लॉक: जिला :

| **गतिविधि का प्रकार** | **गतिविधि का विवरण** |
|---|---|
| शारीरिक विकास आधारित गतिविधियां | |
| मानसिक/ बौद्धिक विकास आधारित गतिविधियां | |
| गणितीय गतिविधियाँ | |
| सृजनात्मक विकास आधारित गतिविधियां | |
| भाषाई विकास आधारित गतिविधियां | |
| सामाजिक विकास आधारित गतिविधियां | |

प्रतिभागियों की संख्या:

| **कुल शामिल विद्यालयों की संख्या** | **कुल विद्यार्थियों की संख्या** | **कुल शिक्षकों की संख्या** | **कुल अभिभावकों की संख्या** | **कुल प्रतिभागियों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

कोई केस स्टोरी / बेस्ट प्रेक्टिस (लिखें)

.........................................................................................................................

.........................................................................................................................

---

कार्यालय ..............................................................................

क्रमांक : दिनांक:

<u>उपयोगिता प्रमाण पत्र</u>

वार्षिक कार्ययोजना 2026-27 में अनुमोदित गतिविधि के आयोजन हेतु प्रशासनिक स्वीकृति क्रमांक .... दिनांक ..........की अनुपालना में विवरणानुसार राशि का उपयोग किया गया।

| क्र.स. | गतिविधि का नाम | वित्तीय स्वीकृति | | स्वीकृत राशि | उपयोग राशि | शेष राशि | शेष का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क्रमांक | दिनांक | | | | |
| | | | | | | | |

हस्ताक्षर मय सील

Signature valid

Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation: State Project Director
Date: 2026.08.10 1?:59:50 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23778953

M e-Sign